भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
**राज्य सभा**
लिखित प्रश्न सं. 2863
गुरूवार, 19 दिसम्बर, 2024/28 अग्रहायण, 1946 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

**संधारणीय पर्यटन परियोजनाओं का संवर्धन**

**2863 श्रीमती जेबी माथेर हीशम:**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत पांच वर्षों के दौरान केरल में विभिन्न पर्यटन परियोजनाओं के लिए कितनी धनराशि आवंटित की गई और परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या केन्द्रीय सरकार ने संधारणीय पर्यटन परियोजनाओं के संवर्धन के लिए कोई विशेष योजना तैयार की है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) देश में कितने अधिकृत होम स्टे संचालित किए जा रहे हैं, तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या होम स्टे शुरू करने की प्रक्रियाओं को आसान बनाने का कोई प्रस्ताव है?

**उत्तर**

**पर्यटन मंत्री (श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) से (ख): देश में पर्यटन का विकास और संवर्धन मुख्य रूप से संबंधित राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों द्वारा किया जाता है। पर्यटन मंत्रालय राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्रों को अपनी 'स्वदेश दर्शन (एसडी)' योजना के तहत वित्तीय सहायता प्रदान करके उनके प्रयासों को संपूरित करता है। पर्यटन मंत्रालय द्वारा केरल राज्य में विभिन्न विषयों के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का ब्यौरा निम्नानुसार है:-

| **क्र.सं.** | **परिपथ/ स्वीकृति वर्ष** | **परियोजना का नाम** | **स्वीकृत राशि (करोड़ रु. में)** |
|---|---|---|---|
| 1. | इको परिपथ 2015-16 | पथ्थनमथिट्टा - गावी - वागामोन - थेक्कडी का विकास | 64.08 |
| 2. | आध्यात्मिक परिपथ 2016-17 | सबरीमाला - एरुमेली - पंपा - सन्निधानम का विकास | 46.54 |
| 3. | आध्यात्मिक परिपथ 2016-17 | श्री पद्मनाभ अर्नामूला का विकास | 78.08 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 4. | ग्रामीण परिपथ 2018-19 | मलानाड मालाबार क्रूज पर्यटन परियोजना का विकास | 57.35 |
| 5. | आध्यात्मिक परिपथ 2018-19 | शिवगिरी श्री नारायण गुरु आश्रम - अरुवीपुरम - कुन्नुमपारा श्री सुब्रह्मणिया - चेम्बाझंती श्री नारायण गुरुकुलम का विकास | 66.42 |

मंत्रालय ने अब स्थायी और जिम्मेदारीयुक्त पर्यटन स्थलों के विकास के उद्देश्य से इस योजना को स्वदेश दर्शन 2.0 के नाम से नया रूप दिया है और केरल राज्य में 1 परियोजना सहित देश में 34 परियोजनाओं को मंजूरी दी है। जिसका ब्यौरा **अनुबंध** में दिया गया है।

पर्यटन मंत्रालय अपनी तीर्थस्थल जीर्णोद्धार एवं आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद) के तहत तीर्थस्थलों/धार्मिक गंतव्यों पर विकास कार्यों के लिए राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों को वित्तीय सहायता भी प्रदान करता है। प्रशाद योजना के तहत केरल में स्वीकृत परियोजना का ब्यौरा निम्नानुसार है:

| **क्र.सं.** | **परियोजना का नाम** | **स्वीकृति वर्ष** | **अनुमोदित लागत (करोड़ रु. में)** |
|---|---|---|---|
| 1. | गुरुवायूर मंदिर में विकास | 2016-17 | 45.19 |

(ग) से (घ): पर्यटन मंत्रालय के अधिकार क्षेत्र में होमस्टे का प्रचालन/प्रारंभ करने के लिए प्राधिकार जारी करना नहीं आता है। तथापि, मंत्रालय की होमस्टे और बी एंड बी सहित आवास इकाइयों की विभिन्न श्रेणियों के वर्गीकरण के लिए एक स्वैच्छिक योजना है। मंत्रालय द्वारा दिनांक 13.12.2024 तक अनुमोदित होमस्टे और बी एंड बी की कुल संख्या निम्नानुसार है:

| **होमस्टे** | **संख्या** |
|---|---|
| स्वर्ण श्रेणी | 27 |
| रजत श्रेणी | 137 |
| कुल संख्या | 164 |

| **बी एंड बी** | **संख्या** |
|---|---|
| स्वर्ण श्रेणी | 73 |
| रजत श्रेणी | 441 |
| कुल संख्या | 514 |

*****

**अनुबंध**

श्रीमती जेबी माथेर हीशम द्वारा संधारणीय पर्यटन परियोजनाओं का संवर्धन के संबंध में दिनांक 19.12.2024 को पूछे जाने वाले राज्य सभा के लिखित प्रश्न सं. 2863 के भाग (क) से (ख) के उत्तर में **विवरण**

**स्वदेश दर्शन 2.0 योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची:-**

| क्र. सं. | राज्य | गंतव्य | एक्सपीरियंस का नाम | स्वीकृत लागत (करोड़ रु. में) | स्वीकृति वर्ष |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | आंध्र प्रदेश | अरक्कू-लम्बासिंगी | अरक्कू में बोर्रा केव एक्सपीरियंस | 29.87 | 2023-24 |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | नाचो | अनलॉक नाचो अभियान | 14.02 | 2023-24 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | मेचुका | मेचुका सांस्कृतिक हाट | 18.48 | 2023-24 |
| 4 | अरुणाचल प्रदेश | मेचुका | मेचुका एडवेंचर पार्क | 12.75 | 2023-24 |
| 5 | असम | कोकराझार | कोकराझार वेटलैंड एक्सपीरियंस | 26.67 | 2023-24 |
| 6 | असम | जोरहाट | रीइमैजिंग सिन्नामारा टी एस्टेट | 23.91 | 2023-24 |
| 7 | गोवा | पोरवोरिम | पोरवोरिम क्रीक एक्सपीरियंस | 23.56 | 2024-25 |
| 8 | गोवा | कोलवा | कोलवा बीच एक्सपीरियंस | 15.65 | 2024-25 |
| 9 | कर्नाटक | हम्पी | 'ट्रैवलर नूक्स' की स्थापना | 26.30 | 2023-24 |
| 10 | कर्नाटक | मैसूर | टोंगा राइड हेरिटेज एक्सपीरियंस जोन | 4.12 | 2023-24 |
| 11 | कर्नाटक | मैसूर | ईकोलोजिकल एक्सपीरियंस जोन | 18.36 | 2023-24 |
| 12 | केरल | कुमारकोम | कुमारकोम पक्षी अभयारण्य एक्सपीरियंस | 13.92 | 2023-24 |
| 13 | लद्दाख | लेह | जूले लेह जैव विविधता पार्क | 24.89 | 2023-24 |
| 14 | लद्दाख | कारगिल | एक्सप्लोरिंग एलओसी और हुंडरमन विलेज एक्सपीरियंस | 12.01 | 2023-24 |
| 15 | मध्य प्रदेश | ग्वालियर | फूलबाग एक्सपीरियंस जोन | 16.73 | 2023-24 |
| 16 | मध्य प्रदेश | चित्रकूट | चित्रकूट में आध्यात्मिक | 27.21 | 2023-24 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | एक्सपीरियंस | | |
| 17 | महाराष्ट्र | पुणे | शिवसृष्टि एतिहासिक थीम पार्क - फेज 3 | 76.22 | 2024-25 |
| 18 | मेघालय | सोहरा | वॉटफॉल ट्रेल्स एक्सपीरियंस | 27.84 | 2023-24 |
| 19 | मेघालय | सोहरा | मेघालयन एज केव एक्सपीरियंस | 32.45 | 2023-24 |
| 20 | नागालैंड | चुमुकेदिमा | चुमुकेदिमा व्यू पॉइंट पर इको-पर्यटन एक्सपीरियंस | 7.87 | 2024-25 |
| 21 | नागालैंड | चुमुकेदिमा | मिडवे रिट्रीट में जनजातीय सांस्कृतिक एक्सपीरियंस | 21.56 | 2023-24 |
| 22 | पुडुचेरी | कराईकल | कराईकल बीच और वाटरफ्रंट एक्सपीरियंस | 20.29 | 2023-24 |
| 23 | पंजाब | कपूरथला | कांजिली वेटलैंड में इको पर्यटन एक्सपीरियंस | 20.06 | 2023-24 |
| 24 | पंजाब | अमृतसर | अटारी में सीमा पर्यटन एक्सपीरियंस | 25.90 | 2024-25 |
| 25 | राजस्थान | बूंदी | केशोरायपाटन में स्पिरिचुअल एक्सपीरियंस | 17.37 | 2023-24 |
| 26 | सिक्किम | ग्यालशिंग | युकसोम क्लस्टर में इको-वेलनेस एक्सपीरियंस | 15.40 | 2023-24 |
| 27 | सिक्किम | गंगटोक | गंगटोक सांस्कृतिक गांव | 22.59 | 2023-24 |
| 28 | तमिलनाडु | मामल्लपुरम | शोर मंदिर में इमर्सिव एक्सपीरियंस | 30.02 | 2023-24 |
| 29 | तेलंगाना | भोंगीर | भोंगीर किला एक्सपीरियंशियल जोन | 56.81 | 2023-24 |
| 30 | तेलंगाना | अनंतगिरि | अनंतगिरि वन में इको पर्यटन जोन | 38.00 | 2023-24 |
| 31 | उत्तर प्रदेश | प्रयागराज | आजाद पार्क और देखो प्रयागराज ट्रेल एक्सपीरियंस | 13.02 | 2023-24 |
| 32 | उत्तर प्रदेश | नैमिषारण्य | वैदिक- वेलनेस एक्सपीरियंस | 15.94 | 2023-24 |
| 33 | उत्तराखंड | पिथौरागढ़ | गुंजी में ग्रामीण पर्यटन क्लस्टर एक्सपीरियंस | 32.20 | 2023-24 |
| 34 | उत्तराखंड | चंपावत | टी गार्डन एक्सपीरियंस | 11.21 | 2023-24 |
| **कुल राशि** | | | | **793.20** | |

*****